जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 132 प्रभात कोटा, सोमवार 24 फरवरी, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



## विराट के आतिशी शतक से भारत 6 विकेट से जीता

**भारत की जीत में गिल (47 रन), श्रेयस अय्यर (56 रन), कुलदीप यादव (3 विकेट) व हार्दिक पंड्या (2 विकेट) का महत्वपूर्ण योगदान रहा**

दुबई, 23 फरवरी। रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में 45 गेंदें शेष रहते हुए भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाज़ी तथा विराट कोहली के शतक व श्रेयस अय्यर के 56 रनों की बदौलत पारी जीती।

पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। आज के मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन फील्डिंग का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के दो बल्लेबाजों को रनआउट किया। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिये। हार्दिक पंड्या को दो विकेट मिले। अक्षर पटेल, हर्षित राणा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान के 241 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत के रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत करने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को बोल्ड आउटकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 69 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में अबरार अहमद ने शुभमन गिल को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 52 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (46) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी कर भारत की जीत सुनश्चित कर दी। 39वें ओवर में खुशदिल शाह ने श्रेयस को इमाम अल हक के साथ कैच आउट करा दिया। श्रेयस ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या (आठ) शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। विराट कोहली ने 43वें

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## कांग्रेस अधिवेशन अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को

नयी दिल्ली, 23 फ़रवरी। कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 08 और 09 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें, देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा जिसमें एआईसीसी प्रतिनिधि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार हो रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के बाद पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना तय की जाएगी।

उन्होंने बताया यह सत्र 08 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति-सीडब्ल्यूसी की बैठक के साथ शुरू होगा और फिर 09 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। दोनों बैठकों की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।

- **महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि 8 को विस्तारित कार्य समिति तथा 9 को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी।**

इन बैठकों में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पिछले सत्र में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान की विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए यह निर्णय लिया गया था कि 26 जनवरी 2025 और 26 जनवरी 2026 के बीच कांग्रेस संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा के तहत एक विशाल, राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। साथ ही महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और न्याय के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उनकी जन्मस्थली गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।

## चौथे बैच में 12 अप्रवासी भारत पहुँचे

नई दिल्ली, 23 फरवरी। अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों का चौथा बैच रविवार को भारत पहुंचा। इन्हें अमेरिका से पनामा डिपोर्ट किया गया था। वहां से इन्हें सिविलियन प्लेन में भारत भेजा गया। फिलहाल इनकी तस्वीर सामने नहीं आई है।

इन 12 लोगों में से 4 पंजाब के रहने वाले हैं। 3 उत्तर प्रदेश और 3 हरियाणा के बताए जा रहे हैं। पंजाब के चारों लोगों को अमृतसर रवाना कर दिया गया है। अब तक चार बैच में 344 अप्रवासी भारतीय अमेरिका से वापस लौटे हैं। 5 फरवरी, 15 फरवरी और 16 फरवरी को अमेरिका ने मिलिट्री विमान से 332 लोगों को हथकड़ी- बेड़ियां पहनाकर भेजा था।

अमेरिका ने पिछले हफ्ते कई देशों

- **इस बार अमेरिका से डिपोर्ट किये अप्रवासी सिविलियन प्लेन में भारत आये हैं।**

के 299 अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा था। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल थे।

अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

## 'कांग्रेस को मेरी ज़रूरत नहीं तो मेरे पास विकल्प है'

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर के, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बयान ने राजनीतिक हलचल बढ़ाई**

नयी दिल्ली, 23 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा(एलडीएफ) सरकार की तारीफ से विशेष चर्चा में आये तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने यह कहकर अब सबको चौंका दिया है कि पार्टी के लिए वे उपलब्ध हैं लेकिन यदि उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास विकल्प हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह बयान मलयाली भाषा के एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दिया है। इस बयान के बाद उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें और तेज हो गई हैं, हालांकि, उन्होंने इसका खंडन किया है।

थरूर ने हाल में मोदी की अमेरिका यात्रा की तारीफ करने के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजय के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार के कार्यों की प्रशंसा की थी जिसके कारण राजनीतिक गलियारों में उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बढ़ गई थीं। हालांकि इन टिप्पणियों के बीच थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अफवाहों का खंडन किया और कहा कि वे सिर्फ अपने काम को लेकर पार्टी से सवाल कर रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ने के बाद से ही अलग -थलग नज़र आ रहे, तिरुवनंतपुरम से चौथी बार पार्टी के टिकट पर लोकसभा पहुंचे थरूर ने पार्टी नेता राहुल गांधी से भी अपनी भूमिका तय करने को लेकर बात की, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। अब मोदी और केरल सरकार की तारीफ करके पार्टी की सेवा में उपलब्ध होने की बात करने के साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दे दी है कि उनके पास विकल्प भी मौजूद हैं।

- **गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा और केरल की वामपंथी सरकार की प्रशंसा करने के बाद से शशि थरुर चर्चाओं में हैं।**

थरूर के इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई है और अटकलों ने तेजी पकड़ ली है कि थरूर कांग्रेस छोड़ रहे हैं।

## घोर नक्सल क्षेत्र की पाँच पंचायतों में पहली बार मतदान हुआ

**छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला माओवादियों का गढ़ माना जाता है तथा यहाँ आज़ादी के बाद पहली बार ग्रामीणों ने मतदान किया**

सुकमा, 23 फरवरी। छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को संपन्न हुआ। सुकमा जिले में आजादी के 77 साल बाद ब्लॉक की पांच पंचायतों में पहली बार मतदान हुआ। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड में शांतिपूर्ण तरीके ग्रामीणों ने भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस पंचायत चुनाव में माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले पूवर्ती गांव में ग्रामीणों ने पहली बार नक्सल दहशत को धता बताते हुए लोकतंत्र के महापर्व में न सिर्फ हिस्सा लिया, बल्कि अपने गांव में पानी, सड़क और शिक्षा की मांग भी की।

- **पूवर्ती गाँव में भी ग्रामीणों ने नक्सल दहशत को नज़र अंदाज कर मतदान में हिस्सा लिया। माना जाता था कि यहाँ नक्सली नेता माड़वी हिड़मा की "जनताना सरकार" चलती है।**

पूवर्ती गांव इसलिए भी खास है, क्योंकि यह इलाका नक्सलियों से जुड़े संगठन पीएलजीए का गढ़ था। जहां नक्सली नेता माड़वी हिड़मा की 'जनताना सरकार' चलती थी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, कोंटा विकासखंड की सभी 67 ग्राम पंचायत के 128 मतदान केंद्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान हुआ। अंतिम चरण में कोंटा ब्लॉक के चार जिला पंचायत सदस्य, 19 जनपद सदस्य, 59 सरपंच और 352 पंच पदों के लिए मतदान हुआ। इसमें आठ सरपंच और 570 पंच अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं।

गौरतलब है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के अंतर्गत

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## बीएसएफ ने मेघालय में 6 अवैध बाँग्लादेशी पकड़े

शिलांग, 23 फरवरी। मेघालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने छह बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इनमें से कुछ पहले मुंबई में राजमिस्त्री का काम करते थे। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इन सभी छह लोगों को शनिवार को तब पकड़ा गया, जब वे रोजगार की तलाश में फिर मुंबई जाने के लिए बांग्लादेश से मेघालय पहुंचे थे।

- **सभी 6 लोग शनिवार को रोजगार की तलाश में मुम्बई जाने के लिये बाँग्लादेश से मेघालय पहुँचे थे।**

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ कर्मियों ने अभियान चलाकर छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा, उनमें से चार पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले में और दो दक्षिणी गारो हिल्स जिले में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## न्यू आतिश मार्केट में कॉम्प्लैक्स में लगी आग से 8 दुकानें जलीं

**पाँचवी मंजिल पर शुरु हुई आग ने कुल 18 दुकानों को चपेट में लिया, 50 लाख रूपए का नुकसान**

जयपुर, 23 फरवरी। मानसरोवर थाना इलाके में रविवार सुबह एक कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। न्यू आतिश मार्केट स्थित सन्नी मार्ट में कई शोरूम और ऑफिस हैं।

आग कॉम्पलेक्स की पांचवीं मंजिल के एक ऑफिस में लगी। आग में ऑफिस में रखा कुछ नगदी और सामान जल गया। आगजनी के दौरान वहाँ कोई नहीं था।

न्यू आतिश मार्केट में गार्ड का काम करने वाले सतीश ने धुआं उड़ता देखकर पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। आग से करीब 18 दुकानों में नुकसान हुआ है। इनमें से करीब 8 दुकानें पूरी तरह से जल गई। आग से करीब 50 लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है।

- **हाइड्रॉलिक सहित 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।**
- **कॉम्प्लैक्स में फायर उपकरण नहीं थे तथा फायर एनओसी भी नहीं ली हुई थी।**

फायर ऑफिसर देवांग यादव ने बताया कि सनी कॉप्लैक्स की पांचवीं मंजिल पर थर्मल इंसूलैंस का ऑफिस है। सुबह करीब 6 बजे बंद ऑफिस से अचानक धुएं का गुबार उड़ने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें उड़ने लगीं।

सूचना मिलने पर मानसरोवर थाना पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तथा ऑफिस का लॉक तोड़कर आग बुझाना शुरू किया। दस फायर बिग्रेड गाड़ियों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से ऑफिस में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए 22 गोदाम, वीकेआई, मानसरोवर और मालवीय नगर से दमकल बुलानी पड़ीं।

बताया जा रहा है कि व्यापारियों ने थाने में बिल्डर के खिलाफ भी शिकायत की है कि बिल्डर ने फायर एनओसी भी नहीं ले रखी है। इसके अलावा निर्माणकर्ता ने इसमे कई खामियां छोड़ रखी हैं।

## 'यूएस एड के भारत में 97 मिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट चल रहे हैं'

**वित्त मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, इसमें मतदान बढ़ाने वाला कोई प्रोजैक्ट नहीं है**

नई दिल्ली, 23 फरवरी। यूएस एड फंडिंग मामले को लेकर भारत में सियासी घमासान जारी है। इस बीच अब वित्त मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया कि वित्तिय वर्ष 2023-24 में अमेरिकी एजेंसी यूएस एड के 7 प्रोजेक्ट भारत में चल रहे हैं। इन सभी 7 प्रोजेक्ट का कुल बजट 750 मिलियन डॉलर है। जिसमें यूएस एड का हिस्सा 97 मिलियन डॉलर (करीब 825 करोड़) का है। फाइनेंस मिनिस्ट्री की एनुअल रिपोर्ट में बताया गया, "वर्तमान में यूएस एड द्वारा भारत सरकार के साथ साझेदारी में कुल 750 मिलियन डॉलर (लगभग) के बजट वाले 7 प्रोजेक्ट चल रहे हैं।"

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अमेरिकी एजेंसी द्वारा 7 परियोजनाओं के तहत कुल 97 मिलियन डॉलर (लगभग 825 करोड़ रुपये) का दायित्व दिया गया है। फाइनेंस मिनिस्ट्री के अधीन काम करने वाले आर्थिक मामलों के विभाग ने अपनी रिपोर्ट में 2023-24 में वित्तपोषित योजनाओं का ब्योरा साझा किया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान मतदान को बढ़ाने वाला कोई प्रोजेक्ट नहीं है। बल्कि कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जल, स्वच्छता और

- **इस रिपोर्ट के अनुसार, कृषि, जल, आरोग्य, ऊर्जा, आपदा प्रबंधन व स्वास्थ्य से संबंधित 7 प्रोजैक्ट का कुल बजट 750 मिलियन डॉलर है तथा इसमें यूएस एड का हिस्सा 97 मिलियन डॉलर है।**

आरोग्य, नवीकरणीय ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के लिए वित्तपोषण किया गया है।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार भारत को अमेरिका की द्विपक्षीय विकास सहायता 1951 में शुरू हुई थी। इसे मुख्य रूप से यूएस एड के जरिए किया जाता है। अपनी शुरुआत के बाद से यूएस एड ने 555 से अधिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भारत को 17 बिलियन डॉलर से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

ज्ञातव्य है कि भारत में अमेरिकी एजेंसी यूएस एड की फंडिंग को लेकर उस समय राजनीतिक घमासान शुरू हुआ जब एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन के डीओजीई (सरकारी दक्षता विभाग) ने कहा कि उसने "वोटर टर्नआउट" को बढ़ावा देने के लिए भारत को दिए जाने वाले 21 मिलियन डॉलर के अनुदान को रद्द कर दिया है।

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बार-बार कहा कि जो बाइडन के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के तहत यूएस एड ने वोटर टर्नआउट के लिए भारत को 21 मिलियन डॉलर का फंड आवंटित किया था। शनिवार को इस मामले में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी "चिंताजनक" है और सरकार इस पर गौर कर रही है।

## इज़रायल ने फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली रोकी

यरूशलेम, 23 फरवरी। इज़रायल ने 22 फरवरी को पहले से निर्धारित फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली को स्थगित कर दिया। सूत्रों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। बयान के अनुसार, इज़रायल का कहना है कि 600 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई को तब तक के लिए स्थगित किया जा रहा है, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती है और गाज़ा पट्टी में इज़रायली कैदियों को स्थानांतरित करते समय उनके साथ अपमानजनक व्यवहार बंद नहीं होता। हमास ने गाज़ा युद्धविराम के पहले चरण के तहत सातवें आदान-प्रदान में शनिवार को छह इजरायली बंधकों को रिहा किया था।

- **उसका आरोप है कि गाज़ा पट्टी से इज़रायली कैदियों को स्थानांतरित करते समय अपमानजनक व्यवहार किया गया।**

हमास के कैदी मामलों के कार्यालय ने पहले कहा था कि इज़रायल को बदले में 600 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना चाहिए लेकिन उन्हें अभी तक रिहा नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी से गाज़ा पट्टी में युद्ध विराम लागू है जो इज़रायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता: हम इसे मनुष्य का विकल्प न बन जाने दें!

मानव जाति का इतिहास अनगिनत नई सुविधाओं और तकनीकों के विकास का भी इतिहास है। आग और पहिये से लगाकर डिजिटल दुनिया तक की यात्रा बहुत रोमांचक और उत्तेजक रही है। जब भी कोई नई सुविधा हमारे हाथों में आती है, हम यही सोचते हैं कि इस सुविधा के बग़ैर हम जी कैसे रहे थे! यही देखें कि जैसे-जैसे हमारी ज़िंदगी में कम्प्यूटर और इण्टरनेट का हस्तक्षेप और सहयोग बढ़ा है, हम बार-बार यह सोचने को मज़बूर होते हैं कि इनके बग़ैर हम कैसे अपना काम चलाते थे! आज जिस द्रुत गति से हम बैंकों से आदान-प्रदान कर लेते हैं उस द्रुत गति की आज से बीस-पच्चीस बरस पहले कल्पना भी संभव नहीं थी। इण्टरनेट और गूगल ने हमारे सामने सूचनाओं और जानकारियों की जो एक नई-सी लगने वाली दुनिया रच दी है उसने हमारी क्षमताओं को कई गुना बढ़ा दिया है। इसी क्रम को ज़ारी रखते हुए हाल में हमने एक और नई शक्ति हासिल कर ली है, जिसका नाम है कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संक्षेप में एआई। कुछ समय पहले तक हम अपनी हर समस्या का समाधान गूगल में खोजते थे, आज वह काम यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता अधिक दक्षता के साथ कर रही है, और जिन्हें इस तरह की सहायता की ज़रूरत पड़ती है उन्होंने गूगल को छोड़कर चैटजीपीटी जैसे माध्यम को अपना लिया है। हम सबने अभूतपूर्व उत्साह से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपना लिया है और जीवन के बहुत सारे क्षेत्रों में खुलकर इसका उपयोग करने लगे हैं। विज्ञान, चिकित्सा, व्यापार, वित्त, शिक्षा, कला-संस्कृति आदि सभी क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग निरंतर बढ़ता जा रहा है।

चिकित्सा की दुनिया में रोगों के पूर्वानुमान, उनके सही निदान और रोबोटिक सर्जरी जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की जितनी उपादेयता अब तक प्रमाणित हुई है उतनी ही इसकी उपादेयता शिक्षा के क्षेत्र में भी नज़र आती है। शिक्षा की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने में और तटस्थ तथा निष्पक्ष मूल्यांकन करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपादेयता अब सर्व स्वीकृत है। जहां तक उद्योग और व्यापार का संबंध है, उत्पादन प्रक्रिया को सुगम और द्रुत बनाने में तथा ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में तथा डेटा विश्लेषण में इसकी उपयोगिता असंदिग्ध है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ही नहीं अपराध नियंत्रण के मामले में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अपनी भूमिका अब तक बहुत अच्छी तरह निबाहते हुए यह आस जगाई है कि इसके उपयोग से हमारा जीवन अधिक सुरक्षित हो जाएगा।

लेकिन जैसा हर सुविधा के साथ होता है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर भी अनेक सवाल उठने लगे हैं और कहना अनावश्यक है कि जैसे-जैसे इसका उपयोग बढ़ेगा, ये सवाल और अधिक प्रासंगिक और अनिवार्य होते जाएंगे। सबसे बड़ी चुनौती जिसे हर कोई महसूस करता है वह तो यह है कि इसकी वजह से बहुत सारे लोगों की आजीविका छिन जाएगी। वैसे यह ख़तरा कोई नया नहीं है। जब स्वचालन हमारी ज़िंदगी में आया या बहुत बाद में जब हमने अपने बहुत सारे काम कंप्यूटर को सौंप दिये तब भी बेरोज़गारी का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण रहा था। लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता हमने महसूस किया कि जो लोग खुद को अपडेट कर पाने में सफल रहे उन्हें रोज़गार के बेहतर अवसर हासिल हुए। निस्संदेह बदलावों ने बहुत सारे लोगों का रोज़गार छीना भी, लेकिन उसमें उनकी अपनी निष्क्रियता और जड़ता की भी बड़ी भूमिका रही। ऐसा ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मामले में भी संभावित है। जो लोग इसके उपयोग में दक्षता प्राप्त कर लेंगे वे तो बेरोज़गार नहीं होंगे, लेकिन जो नए तौर तरीकों को अपनाने में रुचि नहीं लेंगे, उनके सामने ज़रूर आजीविका का संकट खड़ा होगा।

**अब तक जो हुआ है उसके आधार पर यह सहज ही कल्पना की जा सकती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग अभी और बढ़ेगा। और जब इसका अधिक उपयोग होगा तो स्वाभाविक ही है कि इसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी बढ़ेगी। मानवता का हित इसी बात में निहित है कि हम अभी से उन आशंकाओं को समूल नष्ट करने के बारे में न केवल सोचें, सक्रिय भी हों।**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैसा हम सब जानते हैं एल्गोरिद्म के आधार पर काम करती है, और जानकारों ने यह आशंका व्यक्त की है कि उन्हें कुछ इस तरह प्रयुक्त किया जा सकता है कि हम किसी ख़ास नज़रिये को महत्व और किसी ख़ास नज़रिये की उपेक्षा कर सकें। इस तरह अगर सब कुछ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भरोसे छोड़ दिया जाए और उसके एल्गोरिद्म को किसी ख़ास तरह से नियोजित कर दिया जाए तो इसके निर्णय भेदभावपूर्ण हो सकते हैं। यह बहुत बड़ा ख़तरा है। इससे एक बड़ा सवाल यह उपजता है कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कोई ग़लत निर्णय हो जाता है, तो उसके लिए उत्तरदायी कौन होगा? इसी तरह क्योंकि यह पूरा तंत्र डेटा के आधार पर काम करता है, स्वाभाविक ही है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पास डेटा का बहुत बड़ा भण्डार होगा। विचारणीय और चिंता की बात यह है कि जो डेटा इसके पास है क्या वह हमारी निजता को भंग नहीं कर रहा है? उस डेटा के लीक हो जाने और उसके दुरुपयोग की आशंकाएं एक अन्य ख़तरा है। क्योंकि जीवन के हर क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग किया जाने लगा है, युद्ध और हथियारों का क्षेत्र भी इससे आज़ाद नहीं रहा है। विचारणीय बात यह है कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग युद्धों में और स्वचालित हथियारों में होता है तो वह उपयोग कितना संवेदनपूर्ण या संवेदनशून्य होगा।

एक बहुत रोचक सवाल यह सामने आया है कि जैसे मनुष्य सही और गलत के बीच कुछ नैतिक मानदंडों के आधार पर चुनाव करता है, क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी वैसे ही सही और ग़लत के बीच चुनाव कर सकती है? मनुष्य के पास तो भावनाएं और संवेदनाएं होती हैं। यंत्र के पास तो यह सब कुछ नहीं होता। मैं अगर स्कूटर चला रहा हूं और सामने कोई शिशु या कोई भी प्राणी आ जाता है तो मैं अपने वाहन को तुरंत रोकने का प्रयास करूंगा। सवाल यह है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा चालित कोई वाहन भी क्या इसी तरह बर्ताव करेगा?

निश्चय ही जैसे-जैसे इस सुविधा का उपयोग बढ़ेगा ऐसे नित नए सवाल भी खड़े होंगे। कुछ सवालों के हल हमें मिल जाएंगे, तो कुछ नए और अब तक जिन्हें सोचा भी नहीं गया था ऐसे सवाल भी उठ खड़े होंगे। आज हम जिन्हें सोच पा रहे हैं, ज़रूरी नहीं कि कल वे ही समस्याएं हमारे सामने आएं। लेकिन आज हम जो सोच पा रहे हैं उसके अनुसार यह ज़रूरी लग रहा है कि वैश्विक स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के लिए नैतिक मानक तैयार किए जाएं, ताकि कोई भी शक्ति इस सुविधा का मनचाहा और दुर्भावनापूर्ण उपयोग कर सके। यह भी ज़रूरी लगता है कि एक ऐसी आचार संहिता बनाई जाए जो एल्गोरिद्म के मनमाने और दुर्भावनापूर्ण उपयोग पर नियंत्रण रखे। सच तो यह है कि सब कुछ कृत्रिम को सौंप देना बहुत ख़तरनाक साबित हो सकता है। अगर इसमें मानवीय हस्तक्षेप बना रहे तो बहुत हद तक आशंकाओं को निर्मूल किया जा सकता है।

अब तक जो हुआ है उसके आधार पर यह सहज ही कल्पना की जा सकती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग अभी और बढ़ेगा। और जब इसका अधिक उपयोग होगा तो स्वाभाविक ही है कि इसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी बढ़ेगी। मानवता का हित इसी बात में निहित है कि हम अभी से उन आशंकाओं को समूल नष्ट करने के बारे में न केवल सोचें, सक्रिय भी हों। जो लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता का निर्माण व विकास कर रहे हैं उनसे यह अपेक्षा करना अनुचित नहीं होगा कि वे इसे निष्पक्ष बनाए रखने और अधिक नैतिक एवं संवेदनशील बनाने के लिए प्रयत्न करें। सबसे बड़ी ज़रूरत जो मुझे लगती है वह यह है कि हम इसे मनुष्य का विकल्प बनाने से बचें। बेशक हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग करें, और ज़्यादा प्रयोग करें लेकिन इसका इस्तेमाल अपने सहायक के रूप में करें, नियंत्रण अपने हाथों में रखें। इसे स्वायत्त और सर्व शक्तिमान न हो जाने दें।

मानवता का अब तक का इतिहास इस बात के प्रति आश्वस्त करता है कि ऐसा ही होगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारी क्षमताओं में वृद्धि कर मानवता को अधिक समृद्ध व सबल बनाएगी।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# विश्वविद्यालय के मुखिया का नाम – कुलपति या कुलगुरु



प्रो. अशोक कुमार

विगत दिनों मे मध्य प्रदेश और राजस्थान मे कुलपति का नाम परिवर्तित करके कुलगुरु कर दिया है। कुलपति, कुलगुरु महत्वपूर्ण पद हैं। इसलिए सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है की इन पदों की क्या परिभाषा है और इनकी उत्पत्ति कैसे हुई ?

कुलपति शब्द संस्कृत भाषा से आया है। शब्द का अर्थ होता है:– कुल:– परिवार, वंश, समुदाय, पति:– स्वामी, रक्षक, नेता । संयुक्त रूप से: कुलपति का अर्थ होता है– 'परिवार का रक्षक', 'वंश का नेता', या 'समुदाय का मुखिया'।

कुलपति शब्द का इतिहास समृद्ध और विविधतापूर्ण है। प्राचीन काल: कुलपति शब्द का उल्लेख प्राचीन वैदिक साहित्य में मिलता है। कुलपति का कार्य वेदों और अन्य धार्मिक ग्रंथों का शिक्षण, धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन, परिवार और समुदाय में विवादों का समाधान और सामाजिक रीति-रिवाजों और परंपराओं को बनाए रखना था! उदाहरण:– शतपथ ब्राह्मण: इसमें कुलपति को वेदों के अध्ययन और शिक्षण का जिम्मेदार बताया गया है। मनुस्मृति में कुलपति को परिवार के सभी सदस्यों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों, के कल्याण का रक्षक बताया गया है।

कुलगुरु किसे कहते हैं?

कुलगुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है: कुल और गुरु। कुलगुरु का अर्थ है वंश या परिवार। गुरु का अर्थ है ज्ञान दाता या शिक्षक। इस प्रकार, कुलगुरु का अर्थ है वंश या परिवार का गुरु। कुलगुरु वह व्यक्ति होता है जो किसी विशेष वंश या परिवार के सदस्यों को धार्मिक शिक्षा, संस्कार और ज्ञान प्रदान करता है। वे अक्सर उस वंश या परिवार के पुरोहित भी होते हैं।

कुलगुरु को वंश या परिवार का मार्गदर्शक माना जाता है। वे वंश या परिवार के सदस्यों को जीवन जीने के सही तरीके के बारे में सिखाते हैं और उन्हें धार्मिक अनुष्ठानों और परंपराओं का पालन करने में मदद करते हैं। गुरु वंश या परिवार के सदस्यों को वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों के बारे में सिखाते हैं। वे वंश या परिवार के सदस्यों को संस्कार देते हैं, जैसे कि जन्म संस्कार, विवाह संस्कार और मृत्यु संस्कार।

कुलपति और कुलगुरु के बीच कुछ अन्य महत्वपूर्ण अंतर होते हैं! कुलपति किसी विश्वविद्यालय का प्रमुख आमतौर पर विश्वविद्यालय के न्यासी बोर्ड द्वारा चुना जाता है। कुलगुरु को आमतौर पर वंश या परिवार के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा चुना जाता है। कुलपति का कार्यकाल आमतौर पर निश्चित होता है। कुलगुरु का कार्यकाल आजीवन हो सकता है। कुलपति विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे शिक्षा और अनुसंधान के मानकों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। कुलगुरु वंश या परिवार के धार्मिक और नैतिक कल्याण के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे वंश या परिवार की परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। कुलपति: कुलपति को शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में विशेषज्ञता होनी चाहिए। उन्हें प्रशासनिक और नेतृत्व कौशल भी होना चाहिए। कुलगुरु को धर्म, शास्त्रों और परंपराओं का गहन ज्ञान होना चाहिए। वे दयालु, सहानुभूतिपूर्ण और प्रेरणादायक भी होने चाहिए। कुलपति: कुलपति को विश्वविद्यालय समुदाय में सम्मानित किया जाता है। कुलगुरु को वंश या परिवार के सदस्यों द्वारा गहराई से सम्मानित किया जाता है।

कुलपति नाम भारतीय विश्वविद्यालयों के प्रमुख के लिए एक उपयुक्त और प्रचलित नाम है। यह नाम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख की भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाता है और यह छात्रों, शिक्षकों और आम जनता के बीच अच्छी तरह से समझा जाता है। इसलिए, विश्वविद्यालयों के मुखिया का नाम कुलपति ही होना चाहिए, कुलगुरु नहीं।

विश्वविद्यालय के मुखिया का नाम कोई भी हो, सबसे महत्वपूर्ण है कि विश्वविद्यालय का काम अच्छा होना चाहिए। महत्वपूर्ण यह है कि विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और छात्रों के विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करे।

मैं यह आप से विचार करने के लिए कहता हूँ और एक प्रश्न भी करता हूँ की क्या कुलपति का नाम कुलगुरु मे परिवर्तितित करना उचित है ?

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

## विश्व हिंदू परिषद का दल कुंभ के लिए रवाना

**करौली**(निं.सं.)महाकुंभ इसके बारे में ऐसा बताया जाता है कि 144 साल बाद कई नक्षत्र एक जगह एकत्रित हुए हैं। इस समय पर त्रिवेणी में स्नान करने का अलग ही पुण्य प्राप्त होता है इसी भावना को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का एक दल गुलाब बाग तिराहे से प्रयागराज एवं अयोध्या के लिए रवाना होने वाली बस का जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह ने विधिवत रूप से पूजन किया तथा बस रवाना होने से पूर्व यात्रियों को दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर 144 साल बाद प्राप्त हुआ है। इसका 12 वर्ष में पड़ने वाले कुंभ स्नान से अधिक महत्व है उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व भर के हिंदुओं के कल्याण एवं सनातन के प्रचार-प्रसार एवं उत्थान के लिए कार्य करता है। विश्व में सुख शांति और समृद्धि कि भावना को ध्यान में रखकर सनातनी कार्यकर्ताओं की यात्रा शुभ एवं मंगलमय हो ऐसी कामना के साथ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ऊधौसिंह एडवोकेट,नरेंद्र सिंह जादौन,रणवीर सिंह जखोदा,ओम प्रकाश सिंह रामपुरा, हाकिम सिंह चांदपुर, सूबेदार मोहन सिंह कोटा छावर के अलावा काफी तादात में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'आत्मविश्वास पैदा कर स्वावलंबी बने'

**करौली ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आने को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमाना राम ने कहा की छोटे-छोटे बालक बालिकाऐ अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करें एवं अच्छे नागरिक बनकर आमजन की सेवा के लिए तैयार रहें।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि स्काउट गाइड के स्थापना दिवस 22 फरवरी के अवसर पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कब बुलबुल उत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम ने कहा कि कब बुलबुल शेर के बच्चे होते हैं और शेरों में आत्मविश्वास अत्यधिक होता है उसी तरह बाज भी आत्मविश्वासी होता है बच्चे अपने आप को इस तरह आत्मविश्वास से भरपूर बनाएं और सोचें कि वह कुछ भी कर सकते हैं उन्हें अपने आप को स्वावलंबी अर्थात अपने छोटे-छोटे काम स्वयं करने चाहिए स्वयं अपने बर्तन साफ करने चाहिए स्वयं अपने बस्ते को यथास्थान रखना चाहिए मोबाइल का कम से कम उपयोग करना चाहिए मोबाइल में खेल नहीं खेलना चाहिए अधिक से अधिक पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता भाई बहन एवं परिजनों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए बाध्य करना चाहिए छोटे-छोटे बालक बालिकाएं अपने परिजनों को जिद करके अच्छी तरह से समझा सकते हैं सड़क पर पड़े हुए केले के छिलके को हटाना वृद्ध व्यक्ति को सड़क पार कर देने को भी बड़ी सेवा का सकते हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कब बुलबुल बालक बालिकाओं को पारितोषिक प्रदान किया मेंढक दौड़ में मां जगदंबा माध्यमिक विद्यालय हिंडौन के गगन प्रथम एवं इसी विद्यालय की सविता को द्वितीय लेमन दौड़ में मां जगदंबा विद्यालय हिंडौन के अमन को प्रथम जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावली की राधिका को द्वितीय रुमाल झपट्टा में मां जगदंबा माध्यमिक विद्यालय प्रथम जबकि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी को द्वितीय एवं मोंटेसरी किड्स पब्लिक स्कूल को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया इसी तरह कुर्सी दौड़ में बच्चन दास महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी को प्रथम जबकि मां जगदंबा माध्यमिक विद्यालय हिंडौन के रोबन को द्वितीय जलेबी दौड़ में मां जगदंबा किसी विद्यालय के तरुण को द्वितीय का पुरस्कार प्रदान किया गया अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ने संभागी विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावली महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली मांटेसरी पब्लिक स्कूल करौली को भी सहभागिता शील्ड प्रदान की इससे पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के शिविर में पहुंचने पर कब बुलबुल के दल ने गॉड ऑफ ऑनर सहायक शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में प्रदान किया जबकि शिविर संचालक हीरालाल रावत सुनील कुमार शर्मा किशन दास राधा मोहन गुर्जर ने संगठन का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर सीओ गाइड गाइडर अनीता शर्मा मानसी शर्मा राष्ट्रपति रोवर मान प्रकाश शर्मा रोवर लीडर धर्मराज गुर्जर राज्य पुरस्कार रोवर लव कुश मंगल आदि उपस्थित थे । विश्व स्काउट गाइड दिवस के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया एवं सभी धर्म की प्रार्थना का वाचन किया । इस अवसर पर कब बुलबुल की निबंध भाषण नारा लेखन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं में श्रम के प्रति निष्ठा उत्पन्न के करने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान भी चलाया गया सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता के अनुसार 22 फरवरी को विश्व में विश्व स्काउट गाइड दिवस का आयोजन किया जाता है इससे स्काउट स्काउट दिवस जब की गाइड चिंतन दिवस के रूप में मानते हैं इस दिन स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट स्टीफनसन स्मिथ बेडेन पॉवेल का जन्म हुआ था एवं उन्होंने 1907 में ब्राउन सी द्वीप पर 20 बच्चों के साथ स्काउट शिविर आयोजित कर स्काउटिंग की स्थापना की।

## कुशालगढ महोत्सव की तैयारी

**गंगापुर सिटी ।** कुशालगढ क्लब तत्वाधान में कुशालगढ महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। आयोजन की तैयारियो को लेकर क्लब सदस्यो को अलग अलग जिम्मेदारी सौपी गई। वरिष्ठ सलाहकार डॉ. क्षितिज गुप्ता व सरंक्षक कैलाशचंद गुप्ता, वेदप्रकाश पोरवाल ने बताया कि पिछले 6 वर्षो से कुशालगढ महोत्सव बडे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी कुशालगढ महोत्सव बडे धूमधाम से मनाया जायेगा। हर वर्ष अलग-अलग क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कुशालगढ महोत्सव की 7वीं वर्षगांठ पर ग्लोबल वूमन अवार्ड 2025 का आयोजन 16 मार्च को किया जायेगा। वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन अग्रवाल ने बताया कि इसकी पूर्व संध्या पर कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर पर झण्डारोहण होगा व शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

जिसकी जिम्मेदारी क्लब के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल व मनीष सागवान की होगी। साथ ही प्रसाद की व्यवस्था महेश पट्टी वालों के द्वारा करवाई जायेगी। कुशालगढ से कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर का संक्षिप्त इतिहास का बोर्ड बनवाने की जिम्मेदारी जाकिर कुरैशी की रहेगी। उन्हीं के सहयोग से बोर्ड बनवा कर मंदिर परिसर में लगाया जायेगा। जिससे आगे आनी वाली पीढियों को इसके इतिहास की जानकारी मिल सके। 16 मार्च को होने वाले कार्यऋम आपसी सहयोगकर्ताओं द्वारा किया जायेगा।

## भरतपुर पुलिस ने पेश की अतिथि देवो भव: की मिसाल

**भरतपुर** (निस)। सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज व थाना सेवर पुलिस ने अपनी तत्परता और कर्तव्य निष्ठा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति व अतिथि सत्कार के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध अपनी अतिथि देवो भव: की महान परम्परा का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए फ्रांस से आये विदेशी पर्यटकों की ना केवल हर संभव मदद कर उनके गन्तव्य जयपुर पहुंचाया बल्कि उनके कीमती सामान आदि को सुरक्षित रूप से वापस दिलवाया। यह घटना उस समय हुई जब आगरा से भरतपुर घूमने आए एक फ्रांससीसी पर्यटकों वाहन का चालक विदेशी सैलानियों का सामान लेकर फरार हो गया। कन्ट्रोल रूम भरतपुर को सूचना मिली कि ठीन विला होटल पर दो फ्रांसीसी पर्यटक घूमने के लिए आये हैं। जिनका ड्राईवर गाडी व उनका सामान लेकर भाग गया है। मामला संज्ञान में आने पर तत्परता से त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत शहर पंकज व थाना सेवर पुलिस टीम पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे। सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज द्वारा विदेशी पर्यटकों से वार्तालाप की जाकर हालत पूछे गये तो विदेशी पर्यटक ऐनी ऑर्डीन और कैबोट द्वारा बताया कि हमने आगरा ऑनलाईन टैक्सी बुक कराई थी। ड्राईवर का नाम छत्तू सिंह था। आगरा से रवाना होकर हम लोग फतेहपुरसीकरी घूमे। वहां से रवाना होकर जयपुर जा रहे थे। रास्ते में ग्रीन विला होटल भरतपुर में हम गाडी से उतरकर चाय पीने बैठे थे तो गाडी वाला हमारे सामान को लेकर भाग गया है। गाडी के अन्दर हमारा सामान रखा हुआ था। हालात जानने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कन्ट्रोल रूम के जरिये उस गाडी के सम्बन्ध में भरतपुर, दौसा व जयपुर के थाना क्षेत्रों में प्रभावी नाकाबन्दी करने हेतु अवगत कराया एवं टोल लुधावई मैनेजर को जयपुर तक एनएचआई वाले टोलों को गाडी नम्बर देकर रूकवाने बावत अवगत कराया गया। टैक्सी मालिक अमन जाखड का पता लगाकर वाहन व उसके चालक के बारे में जानकारी तथा उक्त घटना से अवगत कराया एवं तुरन्त विदेशी पर्यटकों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिये।


# चूरू महोत्सव में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूमे चूरू वासी

**■ चूरू महोत्सव 2025 के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री गुलाबो सपेरा, बॉलीवुड पार्श्व गायक रविंद्र उपाध्याय, वाइब्रेंट इंडिया समूह ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

**चूरू ।** जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में चल रहे चूरू महोत्सव 2025 के पहले दिन शनिवार शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों व चूरूवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि चूरू की संस्कृति संपूर्ण विष्व में प्रसिद्ध है। यहां के पंडित भरत व्यास ने सिनेमा जगत में बहुत बड़ा नाम कमाया है। यहां की संस्कृति की बदौलत चूरू को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। सभी लोग मिलकर लोकरंग का आनंद लें और अपनी विरासत का संरक्षण करें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू महोत्सव 2025 का आयोजन एक विशेष और सराहनीय पहल है। आज से 18 साल पहले आयोजित चूरू महोत्सव की यादें ताजा हो गई हैं। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने प्रवासी सम्मान गौरव श्री अवार्ड से प्रवासी चूरू वासियों का सम्मान किया।

सांस्कृतिक संध्या के दौरान पदमश्री गुलाबो ने अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी के साथ कोक स्टूडियो फेम भंवरी देवी, प्रसिद्ध कोरियोठााफर संतोष नायर द्वारा निर्देशित वाइब्रेंट इंडिया समूह नृत्य प्रस्तुति और बॉलीवुड पार्श्व गायक रविंद्र उपाध्याय ने हिंदी गीतों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ ष्वेता कोचर, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एएसपी कृष्णा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, विक्रम कोटवाद, सुशील लाटा, अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, तारानगर एसडीएम राजेंद्र कुमार, रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा, तहसीलदार अशोक गोरा, राजगढ तहसीलदार धीरज झाझड़िया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 24 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 6:59 तक, सिद्धि योग दिन 10:05 तक, बालव करण दिन 1:45 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:56 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज विजया एकादशी व्रत है। मंगल मार्गी प्रात: 7:31 पर होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:25 तक, शुभ 9:50 से 11:15 तक, चर 2:05 से 3:30 तक, लाभ-अमृत 3:30 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:00, सूर्यास्त 6:21



**मेष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आज व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**वृष**

मित्रों/रिश्तेदारों से वाद-विवाद हो सकते हैं। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।




**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**कर्क**

व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।




**सिंह**

नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**कन्या**

परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**

व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में सफल रहेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**वृश्चिक**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।



**धनु**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मकर**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**कुंभ**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मीन**

`व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

## युवक ने की पत्नी की हत्या

**जोधपुर** , (कासं)। जोधपुर में प्रेम प्रसंग के शक में युवक ने तकिए से मुंह दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए युवक ने पत्नी के सुसाइड का मामला दर्ज करवाया था। पोस्टमॉर्टम के वक्त डॉक्टर को शक होने पर पुलिस ने जांच की। इसके बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

राजीव गांधी नगर थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया- मामले में रविवार को प्रेमाराम (35) पुत्र देवाराम मेघवाल निवासी भाकरी बास केरू को गिरफ्तार किया गया है। उसने पत्नी मंजू मेघवाल (28) की मौत पर पुलिस को गुमराह किया। पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा कि 18 फरवरी की रात वह और उसकी पत्नी खाना खाकर सो गए थे। रात करीब 11 बजे उसकी नींद खुली तो पत्नी पंखे पर ओढ़नी के फंदे से लटकी हुई मिली। उसे जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मामला झूठा निकला। 18 फरवरी की रात को पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद दोनों सो गए थे। पास में ही उनके दो बच्चे सो रहे थे। देर रात आरोपी पति नींद से उठा और पत्नी का मुंह तकिये दबा दिया। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसने कमरे के पंखे से ओढ़नी का फंदा बनाकर लटका दिया।

# संगठन जो कहेगा वह करने को तैयार : अविनाश गहलोत

**झुंझुनूं**, (निस)। भजनलाल सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए दादी शब्द का इस्तेमाल करना और उसके बाद कांग्रेस के हंगामे को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं वो सब करने को तैयार हूं। जो मेरी पार्टी या फिर हमारे विधायक दल के नेता कहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जब कांग्रेस हंगामा कर रही थी। तब भी वे विधानसभा अध्यक्ष से मिले थे। उनसे कहा था कि यदि दादी शब्द कांग्रेस को अपमानजनक और असंसदीय लगता है तो कार्रवाई से निकाल दीजिए। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कई बार सार्वजनिक मंचों पर बोल चुके है कि हमारी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी...। तो ऐसे में कांग्रेस को इस शब्द से बुरा नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम तौर पर भी घर के बड़े बुजूर्गों को हम घर में दादा-दादी, माता-पिता, ताऊ-ताई बोलकर संबोधित करते है।



झुंझुनूं में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का मंत्री अविनाश गहलोत स्वागत किया।

इसलिए कांग्रेस को सिर्फ हंगामा करने से मतलब है। जबकि कहीं पर भी यह नहीं है कि किसी को दादी बोलना अपमानजनक है।

दादी एक सम्मानजनक शब्द है। जो हम हमेशा से ही बड़े बुजूर्गों को देते आए है। इंदिरा गांधी भी हमारी पूर्व प्रधानमंत्री रह चुकी है। जो सम्मानीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के नाम से योजना शुरू की थी। जिसके लिए फंड नहीं दिया था। मैं सिर्फ यही बात बोल रहा था। लेकिन अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस ने हंगामा कर दिया। हमारे तीन मंत्री लगातार कांग्रेस से वार्ता कर रहे है। क्योंकि भाजपा की संस्कृति हमेशा से ही विपक्ष को साथ लेकर चलने की रही है। कांग्रेस को भी सदन में आकर जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए और चर्चा करनी चाहिए। इससे पहले मंत्री अविनाश गहलोत ने झुंझुनूं पहुंचने पर कलेक्ट्रेट परिसर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का स्वागत भी किया।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग लड़की को बहलाया

**श्रीगंगानगर**। इंस्टाग्राम पर बातचीत के बहाने नाबालिग लड़की को बहलाकर ले जाने के आरोपी को लालगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिगा को 6 फरवरी को बहलाकर ले गया था। इस इसके बाद अलग-अलग जगहों पर घुमाता रहा और नोखा में जाकर शादी भी कर ली। उधर, आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने अपने मुखबिरों का नेटवर्क सक्रिय रखा और विजयनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लड़की को दस्तेयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी युवक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

लालगढ़ थाना के हैड कांस्टेबल धर्मवीर ने बताया कि आरोपी राहुल उर्फ भीरी उर्फ डूंगरनाथ पुत्र मंगतराम निवासी वार्ड 14, जैतसर 6 फरवरी को एक अन्य गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को बहलाकर ले गया। अपने स्तर पर खोज के बाद लड़की के परिजनों ने 7 फरवरी को थाना में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में मुखबिर सक्रिय किए लेकिन शातिर युवक बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शादी करवाने की फिराक में वह नाबालिग को हनुमानगढ़ और अन्य जगहों पर घुमाता रहा।

## दो बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में दो हजार रूपये के इनामी बदमाश व एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार13अप्रेल 2023 को रेती स्टेण्ड के पास खेड़ा से 19 हजार 500 किलों डोडा चुरा से भरे हुए दो बैग बरामद किए थे। इस मामले में आरोपी राजुराम पुत्र माणकराम निवासी सांवलनगर लोहावट जोधपुर को गिरफ्तार किया गया था। साथी कैलाश मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में तलाशी करने पर भी कैलाश के नहीं पकडे जाने पर उसके पकडे जाने पर दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर कैलाश पुत्र रतनाराम निवासी मोटाई मोती थाना चाखु फलोदी व डोडा चुरा बेचने वाले शौकत अली पुत्र अंसार अली सैयद निवासी बगुलो का खेड़ा किरतपुरा थाना बडीसादड़ी चित्तौडगढ को गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध हालातों में बंद कमरे में मिली पति-पत्नी की लाश

**मुकुंदगढ़**, । कस्बे के वार्ड नंबर 24 लीलगरों के मोहल्ले में रविवार को बंद कमरे में पति-पत्नी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद रफीक और उसकी पत्नी परवीण अपने परिवार के साथ वार्ड नंबर 24 लीलगरों के मोहल्ले में रहते थे। काफी समय से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। रफीक और प्रवीण का बेटा समीर उनके साथ घर में ही रहता है। जबकि बेटी सिमरन ननिहाल गई हुई थी। रविवार सुबह करीब आठ बजे तक समीर उठा तो उसे घर में किसी प्रकार की हलचल नहीं दिखी। इसके बाद वह अपने माता-पिता के कमरे की तरफ गया तो वो भी अंदर से बंद था। उसने धक्का मारकर जब गेट तोड़ा तो उसकी मां परवीण की लाश चारपाई पर पड़ी हुई थी। तो वहीं पिता रफीक का शव फंदे पर झूल रहा था। समीर ने शोर मचाया तो पास पड़ौस के लोग पहुंचे। जिन्होंने रफीक के शव को फंदे से उतारा। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर सूचना पर झुंझुनूं ठाामीण डीएसपी हरिसिंह धायल व मुकुंदगढ़ एसएचओ सरदारमल यादव भी पहुंचे। दोनों शवों को सीएचसी मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं एफएसएल और एमओबी की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।



मुकुंदगढ़ कस्बे में संदिग्ध हालातों में बंद कमरे में पति-पत्नी की लाश मिलने के बाद आस-पास के लोग एकत्रित हो गये

**पहले मर्डर, फिर सुसाइड या डबल सुसाइड, अभी साफ नहीं :** इस मामले को लेकर अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि परवीण की हत्या की गई है। या फिर पहले उसने सुसाइड किया और बाद में उसकी पति ने सुसाइड किया। क्योंकि प्रथम दृष्टया दो अलग-अलग अनुमान लगाए जा रहे है। जिनमें एक संभावना यह है कि दोनों पति-पत्नी के बीच रात को झगड़ा हुआ। जिसके बाद पत्नी परवीण ने फांसी लगाकर जान दे दी और इसके बाद पति रफीक ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। वहीं एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि झगड़े के बाद रफीक ने अपनी पत्नी का गला घोंटकर मार डाला और फिर खुद की जान दे दी। झुंझुनूं ठाामीण डीएसपी हरिसिंह धायल ने बताया कि यह स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ हो पाएगी। लेकिन मौके से पुलिस को ब्लेड और कैंची मिली है। जिन पर खून के धब्बे लगे हुए है। वहीं मृतक रफीक के भी खून के धब्बे मिले है। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। संभावना यह भी बताई जा रही है कि रफीक ने फांसी पर झूलने से पहले खुद की जान देने के लिए ब्लेड और कैंची जैसी चीजों से खुद को जख्मी करने की कोशिश की थी। घटना की सूचना पर मोहल्ले के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। बहरहाल, यह मामला डबल सुसाइड का है या फिर मर्डर के बाद सुसाइड का। यह पुलिस जांच में सामने आ पाएगा। आपको यहां यह भी जानकारी दे दें कि मृतक रफीक पहले विदेश में काम करता था। 2021 में वह विदेश छोड़कर वापिस आया था। उसके कुछ समय बाद से ही दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता रहता था। दो-तीन दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा होने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

## चाकू दिखाकर कार लूटने वाले नशेड़ी निकले

**बीकानेर**। डूंगर कॉलेज के पास मिलने ट्रेवल्स वाली गली में चाकू दिखाकर कार लूटने की वारदात नशेड़ियों ने की थी। वारदात के बाद कार मालिक ने मुकदमा दर्ज कराया तो लुटेरों ने वापस लेने के लिए उसे धमकी दी। पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है और तीसरे की तलाश की जा रही है।

रेलवे ग्राउंड के सामने वाली गली में रहने वाला शेखर गोयल 16 फरवरी को फिजियो थेरेपिस्ट के पास गया था। रात को 8 बजे वह डूंगर कॉलेज के पास मिलने ट्रेवल्स वाली रोड पर अपनी कार में बैठा था। इस तीन नशेड़ियों ने चाकू दिखाकर उसकी कार लूटी और फरार हो गए थे। शेखर ने सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया तो तीनों लुटेरों ने फोन कर मुकदमा वापस लेने के लिए उसे धमकी दी। सदर पुलिस और साइबर सैल ने लूट की वारदात के बाद छानबीन शुरू की और लुटेरों को नामजद कर लिया। वारदात में शामिल रामपुरा बस्ती की गली नंबर 18 में रहने वाले गजेन्द्रसिंह उर्फ पीयूष 21 व चन्द्रसिंह उर्फ बाबू डकैत 24 को गिरफ्तार कर लिया। कार बरामद कर ली गई है। लुटेरों के तीसरे साथी रामपुरा निवासी आदित्य को भी नामजद कर लिया जिनकी तलाश की जा रही है। तीनों लुटेरे स्मैकची हैं और रोजाना नशा करते हैं।

# एक माह से फरार चल रहा वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया

### एक सेठ की दुकान में डकैती का प्रयास करने में शामिल था आरोपी

**भरतपुर** (निस)। रूदावल थाना पुलिस ने डकैती के प्रयास में करीब 1 माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी जयसिंह उर्फ मच्छर उर्फ तारा कुशवाह को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना हरिराम कुमावत व वृत्ताधिकारी वृत रूपवास नीरज भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी बालकृष्ण द्वारा डकैती के प्रयास के आरोपी जयसिंह उर्फ मच्छर उर्फ तारा पुत्र प्रतापसिंह कुशवाह उम्र करीब 23 साल निवासी झील थाना बसेडी जिला धौलपुर को जिला कारागृह धौलपुर से 22 फरवरी को प्रोडेक्शन वारंट पर प्राप्त कर गिरफ्तार किया गया।

14 जनवरी को कस्बा रूपवास में एक सेठ की दुकान में डकैती का प्रयास करने जिला धौलपुर से 6 आरोपियों की एक गैंग 2 मोटरसाईकिलों से अवैध हथियारों से लैस होकर कस्बा रूपवास आई थी लेकिन डकैती डालने में असफल होने पर उक्त आरोपी भरतपुर-धौलपुर नेशनल हाईवे, वाईपास पर कस्बा रूपवास से सिंघावली रोड, अण्डरपास के पास खडे होकर डकैती की योजना बना रहे थे, पुलिस को भनक लगने पर मौके पर पुलिस पहुंच गई और एक आरोपी बंटी पुत्र राजधर कुशवाह निवासी धनौरा रोड, बाडी जिला धौलपुर को 15 जनवरी को गिरफतार किया गया तथा मौके से दो बिना नम्बरी मोटरसाईकिल व 1 अवैध देशी कटटा व कारतूस जप्त किये। रात्रि का समय होने व घना कोहरा होने का फायदा उठाकर 5 आरोपी मौके से फरार हो गये।

# करौली के लोगों ने सुशासन का अनुभव किया : मंत्री बेढम

**करौली** (निं.सं.) राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में प्रदेश व जिले में संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन की अवधारणा को मूर्त रूप देने का सतत प्रयास किया है । इस दौरान समस्त प्रदेश वासियों व जिलेवासियों ने सुशासन की मौजूदगी का अनुभव किया। जिले में विकास के नये आयाम स्थापित करते हुए सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र मे अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक कल्याण तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। राज्य सरकार कमजोर एवं पिछडे वर्ग विशेषकर गरीब परिवारों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो और वंछित वर्गो का उत्थान कर गरीबों के प्रति हमदर्द और फिक्रमंद रही है। प्रदेशभर में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट 2025-26 में विभिन्न घोषणाऐं की गई जिससें समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित किया गया है। प्रदेश एवं जिले में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ साथ शिक्षा, चिकित्सा, सड़कें, सिचांई, पेयजल, उद्योग, सामुदायिक सहित अन्य सेवाओं का विकास किया गया। राजस्थान सरकार के बजट में प्रदेशभर के सभी जिलों के लिए कॉमन घोषणाऐं कि गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन, शहरी क्षेत्र में पेयजल के हेतु अमृत 2.0 योजना में 5 हजार 123 करोड़ रुपये के कार्य, मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन शहरी में 5 हजार 830 करोड़ रुपये के कार्य,1000 ट्यूबवेल व 1500 हैंडपंप,राम जल सेतु लिंक परियोजना संशोधित पीकेसी और ईआरसीपी 9 हजार 416 करोड़ रुपये के कार्यदिश जारी12 हजार 64 करोड़ रुपये की निविदाएँ जारी 12 हजार 807 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी,आगामी वर्ष में लगभग 9 हजार करोड़ रुपये के नवीन कार्यों की शुरुआत में लगभग 4 हजार करोड़ रुपये के कार्य एवं ऊर्जा मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वितों के घरों पर निःशुल्क सोलर प्लांट्स, 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह निःशुल्क, 6 हजार 400 मेगावाट से अधिक अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य, 5 हजार 700 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के नए कार्यों की शुरुआत सड़क, 6 हजार करोड़ रुपये की लागत से 21 हजार किमी. नॉन-पेचेबल सडकों में सुधार, 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनेंगे हाईवे,बाईपास,ब्रिज एवं एलिवेटेड रोड़, पीएमजीएसबाई के अंतर्गत 1600 बसावटों को जोड़ा जाएगा, 5 हजार से अधिक आबादी वाले 250 ठाामीण कस्बों में अटल प्रगति पथ, सड़क सुरक्षा के लिए हाइवे पर जीरो एक्सीडेंट जोन व 50 ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य,15 शहरों में रिंग-रोड के निर्माण हेतु डीपीआर बनेगी, हाईवे पर 20 ट्रौमा सेंटर्स के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान, साथ ही लाखों युवाओं को सौगात आगामी वर्ष में 1.25 लाख सरकारी पदों पर भर्ती,निजी क्षेत्र में एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार 500 करोड़ रुपये का विवेकानन्द रोजगार सहायता कोष विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना में 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान ठाामीण विकास मनरेगा के अन्तर्गत 3 हजार 400 लाख मानव दिवसों का सृजन,स्वामित्व योजना में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे, दादूदयाल घुमन्तू सशक्तिकरण योजना में 25 हजार परिवारों को पट्टे,पंच गौरव योजना को गति देना, 550 करोड़ रुपये का प्रावधान एससीएसटी कल्याण के लिए एससीएसपी एवं टीएसपी फण्ड की राशि बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपये,वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से तथा 50 हजार को ए.सी.ट्रेन से तीर्थ यात्रा सामाजिक सुरक्षा, विभिन्न वर्गों के पात्र को देय पेंशन बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रति माह विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के लिए दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए 35 हजार स्कूटी वितरण का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा हेतु 10 लाख नवीन यूनिट एनएफएसए लाभान्वित के रूप में जोड़ना 5 हजार उचित मूल्यों की दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाये जाने का लक्ष्य 3 लाख लखपति दीदियों को आगामी वर्ष में 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर 1 लाख रुपये तक का ऋण मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना- आंगनबाड़ी पर सप्ताह में 5 दिवस दूध गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना की शुरुआत नगरीय विकास शहरी क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना केतहत लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये के कार्य 500 च्पदा ज्वपसमजे का निर्माण समस्त शहरों में 50 हजार स्ट्रीट लाइट्स सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अम्बाबाड़ी एवं विद्याधर नगर टोडीमोड़ तक जयपुर मेट्रो का कार्य शहरी क्षेत्रों में 500 नई बसें उपलब्ध 100 अत्याधुनिक सीवरेज सफाई मशीनें सुशासन प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले पंचायत मुख्यालयों में अटल ज्ञान केन्द्र।

■ **भरतपुर में जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया**

## सार-समाचार

### पेट दर्द पर महिला को लगाया इंजेक्शन, मौत

**बीकानेर**। जिले के लूणकरणसर में रविवार को पेट दर्द की शिकायत पर परिजन महिला को लेकर प्राइवेट क्लिनिक गए। क्लिनिक में नर्सिंगकर्मी ने जैसे ही इंजेक्शन लगाया, महिला बेहोश हो गई। नर्सिंगकर्मी ने कहा कि इंजेक्शन के कारण नींद आएगी। होश नहीं आने पर परिजन सरकारी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेने से इनकार करते हुए सरकारी हॉस्पिटल में मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कलेक्टर नम्रता वृष्णि को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रशासन ने क्लिनिक को सीज कर दिया गया है। सीएमएचओ पुखराज साध ने मामले में जांच का आदेश दिया है। जांच के लिए बीकानेर दवा भंडार के प्रभारी डॉ. नवल गुप्ता की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें डॉ. रमेश कुमार गुप्ता और डॉ. विभय तंवर कमेटी के मेंबर हैं। महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और सरकारी हॉस्पिटल में मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए थे। मृतका के देवर किशन नाथ (किसान) ने बताया- लूणकरणसर के वार्ड संख्या 11 में रहने वाली उसकी भाभी तुलछी देवी पत्नी रतननाथ के पेट में दर्द हुआ था। रविवार सुबह करीब 9 बजे निजी क्लिनिक पर दिखाने गए। वहां मौजूद नर्सिंगकर्मी मनीराम ने भाभी को इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई। परिजनों ने नर्सिंगकर्मी से पूछा तो वह बोला- दो घंटे तक नींद आएगी। होश नहीं आने पर तुलछी देवी को सरकारी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने सरकारी अस्पताल के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हनुमान कस्वां की लापरवाही बताई। परिजन का कहना है कि क्लिनिक हनुमान कस्वां का है। क्लिनिक पर हनुमान के बेटे नर्सिंगकर्मी मनीराम ने इंजेक्शन लगाया था। हालांकि मनीराम राजस्थान नर्सिंग काउंसिल से सर्टिफाइड है। जिस क्लिनिक में इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हुई, वह सरकारी हॉस्पिटल से महज 300 मीटर की दूरी पर है। सरकारी अस्पताल में काम करने वाले नर्सिंग कर्मचारी हनुमान कस्वां को निलंबित किया जाए। हनुमान कस्वां के निजी क्लिनिक को सीज किया जाए। मृतका के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। सरकार से आर्थिक पैकेज दिलाया जाए। लूणकणसर में अवैध झोलाछाप डॉक्टर्स और अवैध दुकानों पर कार्रवाई की जाए।

### नाबालिग बेटी ने पिता पर लगाया रेप का आरोप

**हनुमानगढ़**। जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर पिता पर रेप का आरोप लगाया है। टिब्बी पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को हिरासत में लिया है। टिब्बी थानाधिकारी हंसराज लूणा ने बताया कि रविवार को पीडिता का मेडिकल बोर्ड से मेडिकल कराया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नाबालिग की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है। जिसके बाद उसे सखी सेंटर भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी पिता से पूछताछ कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

### मैसेज-कॉल बना युवक की मौत का कारण

**पाली**, (नि.सं.)। पाकिस्तान से आए मैसेज के बाद डिप्रेशन में आए एक व्यक्ति ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि पाकिस्तान के नंबर से लगातार उसके पास कॉल आ रहे थे। ऐसा ही एक मैसेज मृतक के छोटे भाई के पास आया तब इस मामले का खुलासा हुआ। दरअसल, पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में हिंजड़ों की हवेली के पास सा राकेश सैन (43) पुत्र राधेश्याम सैन परिवार सहित रहता है। जिसने शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। वहीं पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच में जुटी है। मृतक के भांजे सुनील सैन ने बताया कि उसके मामा राकेश उसकी हेयर कटिंग की शॉप पर ही काम करते थे। उसके छोटे मामा अनिल सैन के मोबाइल पर वॉट्सऐप के जरिए मैसेज आया। जिसमें उसके मामा राकेश सैन का फोटो था जिस पर लिखा हुआ था कि लोन फ्रॉड है। इसके साथ ही मैसेज लिखा कि इन्होंने एप के जरिए लोन लिया है जिसे पे करें। डीजी फाइनेंस में लोन ऐप के जरिए पे नहीं किया तो तुम्हारी फैमिली में यह मैसेज शेयर कर देंगे। गैलेरी की फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात लिखी। यह बात जब उसने परिवार के अन्य लोगों को बताई और पाकिस्तान से आए नंबर से मैसेज बताया तो उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतक के मोबाइल में भी इस नंबर से कई मैसेज और कॉल आए हुए होंगे। उससे परेशान होकर ही मृतक ने सुसाइड किया है। इसलिए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हालांकि अभी यह नहीं पता चल पाया है कि मृतक ने कितना लोन लिया था। मामले में कोतवाली थाने के अनिल कुमार ने बताया कि राकेश के साथ किसी तरह का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या उसने ऑनलाइन किसी तरह के ऐप से लोन ले रखा है, इसकी जानकारी अभी नहीं है। उसने फोन या मैसेज से परेशान होकर यह कदम उठाया है या नहीं, ये तो जांच के बाद ही साफ होगा। रविवार को पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### देवी मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ

**कोटा**, (निसं)। कैथून थाना इलाके में स्थित प्राचीन रियासतकालीन डाढ़ देवी मंदिर में शनिवार देर रात्रि को अज्ञात चोरों ने दानपेटी व छत्र पर हाथ साफ कर फरार हो गये। यह घटनाक्रम शनिवार देर रात 1.30 बजे के आसपास हुआ। जिस जगह पर चोरी हुई है, वहां से 10 कदम की दूरी पर पुजारी और अन्य लोग सो रहे थे। इसके बावजूद भी चोर प्रवेश कर गए और मंदिर से छत्र और दान पेटी चुराकर ले गए। उन्होंने वहां पर देवी मां को पहनाई हुई आभूषण भी चुराये हैं। इस पूरे मामले की सूचना मिलने पर रविवार को कैथून पुलिस मौके पर पहुंची, साथ ही डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक और एमओबी टीम ने भी मौके पर जाकर जांच की है। घटनाक्रम भी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है, जिसमें दो चोर नजर आ रहे हैं। कैथून थाना अधिकारी संदीप विश्नोई ने बताया कि मंदिर के पुजारी धनराज ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि शनिवार देर रात्रि को अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर अपने साथ मंदिर में रखी दानपेटी छत्र ओर माता के पहने आभूषण चुराकर ले गये। फरियादी पुजारी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीआई ने बताया कि दान पेटी में कितनी राशी थी, यह अभी कहा नहीं जा सकता है। उसकी कोई गणना नहीं की गई थी। इस घटनाक्रम में दो संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे हैं। इस संबंध में भी जांच पड़ताल की जाएगी। सीआई ने बताया कि तलाशी के दौरान जंगल से खाली दानपेटी बरामद हुई है। अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

### हादसे में बच्ची की मौत, तीन घायल

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के समीप गोवर्धन विलास हाइवे पर निजी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति सहित तीन जने घायल हो गए। शनिवार अपरान्ह में गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र बलिचा हाइवे ओडी शॉ रूम के समीप निजी बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में कुचला जाने पर एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई तथा व्यक्ति सतीत तीन जने घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर हॉक ने मौके पर पहुंच कर घायलों को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। इधर सूचना मिलने पर एएसआई देवेन्द्रपुरी ने मौके पर पहुंच कर मृतक बच्ची को मोर्चरी में रखवाया। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि बाइक चालक व दो महिलाओं एवं बच्ची को लेकर उदयपुर से बारापाल की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया। मृतक बच्ची का नाम पायल (6) बताया जाता है जबकि घायलों के नाम अभी तक पता नहीं चल पाए। मृतक बच्ची का सोमवार को पोस्टमार्टम होगा।

### अवैध शराब बेचने वाला किराना व्यापारी गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने किराणा की दुकान के आड में अवैध अंग्रेजी शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो लाख रूपये की अवैध शराब जब्त की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिह के सुपरविजन में प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से किराना दुकान की आड में अवैध शराब बेचने की सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंच कर वाटीं गाव में स्थित किराणा दुकान पर दबीश देकर मौके से दो लाख रूपये मूल्य की अवैध शराब के 35 कर्टन जब्त कर व्यापारी खुमाणसिंह पुत्र गुलातसिंह निवासी खमनोर राजसमन्द को गिरफ्तार किया है।



भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिये।
- सरफराज अहमद

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **मोहम्मद शमी**



दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पांचवां मुकाबला खेला जा रहा है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने ग्रुप-ए के मैच में रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान के खिलाफ पहला ओवर करने उतरे मोहम्मद शमी के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह वनडे में भारत के लिए एक ओवर में पांच वाइड गेंद डालने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले येरिकॉर्ड जहीर खान के नाम था।

**क्या आप जानते हैं ?...** ब्रैडमैनका एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड है तो अब तक अटूट है, यह रिकॉर्ड है टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी बनाने का। इस महान बल्लेबाज ने अपने टेस्ट करियर में कुल 12 बार दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया।

# भारत 45 गेंद शेष रहते पाकिस्तान से जीता

## लंबे समय बाद विराट कोहली के बल्ले से निकली सेंचुरी

**दुबई**,23 फरवरी। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आतिशी पारी खेलकर शतक लगाया है। चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में विराट कोहली ने 111 गेंदों में शतक बनाया है। कोहली ने अपनी पारी में 7 चौके लगाए। पूर्व कप्तान विराट कोहली का वनडे में ये 51वां शतक है। दिग्गज बल्लेबाज ने करीब 15 महीने बाद वनडे फॉर्मेट में शतक ठोका है। इससे पहले कोहली ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 117 रन बनाए थे। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद जब विराट कोहली बल्लेबाजी के लिए मैदान में आए तो उन्होंने शुभमन गिल के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 75 गेंद में 69 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद विराट और श्रेयस अय्र के बीच चौथे विकेट के लिए 128 गेंद में 114 रनों की पार्टनरशिप हुई। श्रेयस अय्यर 67 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली ने विजयी चौका लगाया और इसके साथ उन्होंने अपना लंबे समय के बाद शतक पूरी किया। भारत को जीत के लिए दो रन चाहिए थे, कोहली ने चौका लगाकर 100 रन पूरे किए।




पाकिस्तान के 241 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत के रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी तेज शुरुआत करने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को बोल्ड आउटकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 69 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में अबरार अहमद ने शुभमन गिल को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 52 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (46) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी कर भारत की जीत सुनश्चित कर दी। 39वें ओवर में खुशदिल शाह ने श्रेयस को इमाम अल हक के साथ कैच आउट करा दिया। श्रेयस ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या (आठ) शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। विराट कोहली ने 43वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया और भारत को छह विकेट से जीत दिला दी। अक्षर पटेल (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान की ओर शाहीन शाह अफरीदी को दो विकेट मिले। खुशदिल शाह और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोडी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोडी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बडा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवींद्र जडेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलदीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली। आज के मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के दो बल्लेबाजों को रनआउट किया।

## जयपुर के प्रखर असावा ने 29वां स्थान हासिल किया



**जयपुर**, 23 फरवरी। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इण्डिया (पीजीटीआई) द्वारा अहमदाबाद, गुजरात के ग्लेड वन गोल्फ कोर्स पर गुजरात ओपन-2025 संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में देशभर के कुल 126 प्रोफेशनल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें राजस्थान से व रामबाग गोल्फ क्लब के गिर्राज खड़का व प्रखर असावा ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में प्रखर असावा ने कट बनाया और वे 29वें नंबर पर आए। चण्डीगढ़ के युवराज संधू ने टूर्नामेंट जीता। प्रखर असावा की इस उपलब्धि पर रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन योगेंद्र सिंह एवं मानद सचिव, समृद्ध शर्मा ने प्रसन्नता और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रखर का समर्पण, मेहनत और खेल के प्रति जुनून न केवल उन्हें व्यक्तिगत सफलता दिला रहा है, बल्कि क्लब की मजबूत प्रशिक्षण और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। हमें आशा है कि आने वाले समय में प्रखर और भी ऊंचाइयों को छुएंगे और गोल्फ के क्षेत्र में अपनी पहचान और मजबूत करेंगे।

## जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को तीन विकेट से हराया

**हरारे**, 23 फरवरी। ट्रेवर ग्वांडू ने (तीन विकेट), सिकंदर रजा और रिचर्ड एन्गारावा (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद टोनी मुनयोंगा (नाबाद 43) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को चार गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया हैं। आयरलैंड के 137 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर परअ पने तीन विकेट गवां दिये। इसके बाद कप्तान सिकंदर रजा और रायन बर्ल ने पारी संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हैरी टेक्टर ने रायन बर्ल (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कप्तान सिकंदर रजा (22) पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। ताशिंगा मुसेकीवा (15) और वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा (छह) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि इस दौरान टोनी मुनयोंगा एक छोर थामे खड़े रहे। टोनी मुनयोंगा ने (नाबाद 43) और रिचर्ड एन्गरावा (नाबाद12) पारी खेलते हुए 19.2 ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने चार विकेट लिये। जॉश लिटिल, बेन व्हाइट और हैरी टेक्टर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## हार्दिक पंड्या ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट पूरे किए




**दुबई**, 23 फरवरी। दुबई में खेले जा रहे भारत और पाकिस्तान मुकाबले में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई है। दरअसल, उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के 200 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे मैच में अपना दूसरा विकेट लेते ही ये आंकड़ा छुआ। पाकिस्तान के साऊद शकील (62) उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर का 200वां शिकार बने।वहीं हार्दिक पंड्या के आंकड़ों की बात करें तो, पाकिस्तान की पारी के शुरुआती कुछ ओवरों के दौरान मोहम्मद शमी फिटनेस कारणों से बाहर चले गए थे। ऐसे में पंड्या ने प्रमुख तेज गेंदबाज की गैरमौजूदगी में बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने बाबर आजम के रूप में अपनी पहली सफलता हालिल की। इसके बाद उन्होंने अर्धशतक लगाने वाले शकील का विकेट भी झटका। इस दौरान उन्होंने अपने 8 ओवर में 3.90 की इकॉनमी रेट से 31 रन दिए। हार्दिक पंड्या ने 2016 में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। वनडे में उन्होंने 85 पारियों पर 89 विकेट लिए हैं। उन्होंने 11 टेस्ट में 31.29 की औसत के साथ 17 विकेट लिए हैं। टी20 अंतर्राष्ट्रीय में उन्होंने 102 पारियों में 26.43 की औसत के साथ 94 विकेट चटकाए हैं। पंड्या ने अब तक 216 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 30 की औसत के साथ 200 विकेट झटके हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट भी चटकाए हैं। इसके साथ ही पंड्या अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 4 हजार रन बनाने के साथ-साथ 200 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में शुमार हुए हैं। उन्होंने 172 पारियों में 30.50 की औसत के साथ 4,249 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 20 अर्धशतक लगाए हैं।

## रोहित ने बनाया लगातार नौ बार टॉस हारने का अनचाहा रिकार्ड

**दुबई**, 23 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को एकदिवसीय मैच में लगातार नौ बार टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। आज यहां पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में रोहित शर्मा ने नौवीं बार टॉस गवांया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस हारने की शुरुआत वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल से हुई थी। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स के नाम 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारने का रिकार्ड था। लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है।

## कोहली भारत के लिए कैच पकड़ने के मामले में सबसे आगे



**दुबई**,23 फरवरी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बल्लेबाजी के अलावा फील्डिंग में भी अपना लोहा मनवाते हैं। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे है मैच में एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। दरअसल, कोहली भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच पकडने वाले फील्डर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पछाड़ दिया है।कुलदीप यादव ने पाकिस्तान को 222 रन के स्कोर पर आठवां झटका दिया। कुलदीप की गेंद पर नसीम शाह ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन कोहली ने कैच लपका और उन्हें पवेलियन भेजा। नसीम 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने इस कैच को पकडने के साथ ही अजहरुद्दीन को पछाड दिया। कोहली के अब वनडे में 157 कैच हो गए हैं, जबकि अजहरुद्दीन ने वनडे में भारत के लिए 156 कैच पकडे थे। वनडे में ओवरऑल कैच पकडने की बात की जाए तो कोहली इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा कैच सिर्फ श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी माहेला जयवर्धने और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने लपके हैं। जयवर्धने ने अपने वनडे करियर में 218 कैच, जबकि रिकी पोंटिंग ने 160 कैच पकडे हैं। कोहली के पास चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान ही पोंटिंग से आगे निकलने का मौका रहेगा।

## रोहित शर्मा वनडे में बतौर ओपनर सबसे तेज 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



**दुबई**,23 फरवरी। पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे लीग मैच में भारतीय कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपनी पारी के दौरान एक बडा और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 241 रन बनाते हुए भारत को जीत के लिए 242 रन का टारगेट दिया।रोहित शर्मा ने वनडे फॉर्मेट में बतौर ओपनर बल्लेबाज 9000 रन 181 पारियों में पूरे किए जबकि इससे पहले सचिन तेंदुलकर ने ये कमाल 197 पारियों में किया था। अब रोहित शर्मा ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड दिया है और वो पहले नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर सौरव गांगुली हैं जिन्होंने ऐसा 231 पारियों में किया था जबकि क्रिस गेल ने 246 इनिंग में 9 हजार रन बतौर ओपनर पूरे किए थे। वनडे में बतौर ओपनर सबसे कम पारियों में 9 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज- 181 रोहित शर्मा,197 सचिन तेंदुलकर, 231 सौरव गांगुली, 246 क्रिस गेल, 253 एडम गिलक्रिस्ट, 268 सनथ जयसूर्या। 9000 रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज बने रोहित- रोहित शर्मा वनडे प्रारूप में 9000 रन बनाने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बने।

## विराट वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी

**दुबई**,23 फरवरी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड दिया है।

दरअसल, विराट कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाडी बन गए हैं। कोहली ने ये उपलब्धि 299वें वनडे मैच की 287वीं पारी में हासिल की है। इससे पहले ये रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने 350वीं पारी में ये रिकॉर्ड बनाया था। सचिन के बाद श्रीलंका के कुमार संगकारा का नंबर था, जिन्होंने 378 पारियों में 14 हजार वनडे रन बनाए थे।

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन बनाए थे। तब वो इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड से सिर्फ 15 रन दूर रह गए थे। अब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले गए इस मुकाबले में ये कीर्तिमान हासिल कर लिया है। कोहली ने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर चौका जमाते हुए ये रिकॉर्ड बनाया है।

## अरावली पोलो ने 1 गोल से जीता एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी कप

**जयपुर**, 23 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी कप (12 गोल्स) का फाइनल खेला गया। यह रोमांचक मुकाबला अरावली पोलो और विमल एरियन अचीवर्स के बीच हुआ, जिसमें अरावली पोलो ने विमल एरियन अचीवर्स को 8-7 के स्कोर से हराकर विजय हासिल कर ली। टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का टाइटल मनोलो एफ लोरेंटे ने जीता। इस अवसर पर हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। टीम अरावली पोलो से फ़्रेडेरिको बौडौ ने 5 गोल और मैनुअल एफ लोरेंटे ने 3 गोल किए। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में कुलदीप सिंह राठौड़ और डीनो धनखड़ भी शामिल थे। दूसरी टीम विमल एरियन अचीवर्स की ओर से बाउटिस्टा पैनेलो ने 5 गोल किए। वहीं डेनियल ओटामेंडी और विश्वरूपे बजाज ने 1-1 गोल किया। टीम में शमशीर अली भी शामिल थे।



### राजस्थान राज्य अंडर 20 बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप 2025

## जयपुर जिला फुटबॉल टीम की कमान सुफियान को मिली

**जयपुर**, 23 फरवरी। राजस्थान फुटबाल संघ और जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर में होने जा रही राजस्थान राज्य अंडर 20 बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने वाली जयपुर जिला की फुटबॉल टीम कि आज घोषणा की गई। जयपुर जिला की 18 सदस्य टीम के कप्तान मोहम्मद सुफियान और उप कप्तान मनीष सैनी को बनाया गया है। आज सुबह चौगान स्टेडियम में जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा और डॉ दिलीप सिंह चुंडावत ने जयपुर टीम की घोषणा की। इस उपलक्ष पर पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी और जयपुर टीम के कोच हितेश शर्मा ने टीम के सदस्यों को टीम किट प्रदान किया।



संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है तथा इस प्रतियोगिता से श्रेष्ठ खिलाड़ियों का राजस्थान टीम मैं चयन किया जाएगा ! चौगान स्टेडियम में कई सालों बाद फुटबॉल का इतना बड़ा आयोजन होने जा रहा है ज्ञात रहे चौगान स्टेडियम में 70, 80, और 90, के दशक में ओपन नेशनल टूर्नामेंट में देश की कई नामी टीमें इस खेल मैदान में खेल चुकी है ! संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि जयपुर जिला फुटबॉल टीम का चयन एक और दो फरवरी को आयोजित ट्रायल और उसके बाद आयोजित 15 दिवसीय कैंप के आधार पर किया गया है। संचालन समिति के कन्वीनर डॉक्टर दिलीप सिंह चुंडावत ने बताया कि जयपुर टीम प्रतियोगिता में अपना प्रथम मैच कोटा से 24 फरवरी को खेलेगी। प्रतियोगिता 24 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य जयपुर के चौगान स्टेडियम और विद्याधर नगर स्टेडियम में खेली जाएगी जिसमें उद्घाटन मैच, क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल चौगान स्टेडियम में ही होंगे। प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य की कुल 25 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का फाइनल 28 फरवरी को खेला जाएगा।

संचालन समिति के सदस्य मनोज शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम इस प्रकार है मोहम्मद सुफियान (कप्तान), मनीष सैनी (उप कप्तान), यशराज गोयल, पीयूष कुमार, विशेष जैन, अदित व्यास, राघव चौधरी, विशेष कुमार, कबीर बिंद्रा, मोहम्मद अमीन, पार्थ शर्मा, गर्वित सैनी, यश सिंह राजपाल, अरमान हकीम, देवांश राजावत, लक्ष्य मीणा, तनिष्क और दियासन सिंह। टीम के कोच हितेश शर्मा और मैनेजर तनिष्क सैनी है।

# आरसीए एडहॉक कमेटी ने खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह के सुर से सुर मिलाया

## आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार व क्रीड़ा परिषद् को पूर्ण सहयोग करेगी आरसीए एडहॉक कमेटी

### अप्रैल - मई से शुरू होगा राजस्थान क्रिकेट संघ का घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 -26

**जयपुर**, 23 फरवरी। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार आज आरसीएअकादमी पर आयोजित एडहॉक कमेटी मीटिंग में सर्वसम्मतिसे सभी सदस्यों ने राज्य के खेल प्रेमियों व खेल हित की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए जयपुर में सवाई मान सिंह स्टेडयम पर विश्व की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता आईपीएल ट्रॉफी के आयोजन में राज्य सरकार , क्रीडा परिषद् को पूर्ण सहयोग देने की घोषणा की। बिहाणी जी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी को राज्य में खेल के विकास व आयोजन की जो जिम्मेदारी राज्य के खेल मंत्री (कैबिनेट ) कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ ने दी थी उसे हमने पूर्ण सफलता से निभाया है व आगे भी जो जिम्मेदारी हमें दी जाएगी हम उसे मंत्री के निर्देशन में पूर्ण करेंगे।आज भी सवाई मान सिंह स्टेडयम के मैदान के रख रखाव की जिम्मेदारी आरसीए का ग्राउंड स्टाफ ही कर रहा है व साथ ही हमें खेल हित में आयोजन की अन्य जिम्मेदारियां निभाने के जो भी निर्देश मिलेंगे तो आरसीए एडहॉक कमेटी अपनी अनुभवी टीम के साथ राज्य के सच्चे सिपाही व खेल प्रशासक के रूप में पूर्ण निष्ठा से सभी जिम्मेदारियों को पूर्ण करेंगे। जयदीप बिहाणी के अनुसार वे जल्द ही राज्य केमाननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात कर राज्य के युवा खिलाडियों के हित में आरसीए का सवाईमानसिंह स्टेडयम के खेल मैदान , आरसीए ऑफिस, अकादमी हेतु क्रीडा परिषद से एमओयू करने व जयपुर में आरसीए के निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने में सहायता का आग्रह करेंगे। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावतके अनुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन दवारा सत्र 2024-25 मे शानदार प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेठ खिलाडियों के आरसीए अवार्ड प्रक्रिया व समारोह हेतु 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया था जिसके सदस्य रतन सिंह शेखावत, विमल शर्मा व हरीश चंद्र सिंह हैं।



धर्मवीर सिंह शेखावत बताया की अवार्ड कमेटी जल्द ही हर आयु वर्ग की (पुरुष व महिला ) राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूर्ण होने पर राजस्थान की पुरुष व महिला चयन समितियोंद्वारा राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हर आयुवर्गके पुरुष व महिला खिलाडियों का चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर आरसीए अवार्ड समारोह आयोजित करेगा। आरसीए एडहॉक कमेटी जल्द ही राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व राज्य के खेल मंत्री ,( कैबिनेट ) कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें आरसीए अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि बनाने व उनकी गरिमामय उपस्तिथि से राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाडियों को सम्मानित करने व उनका होंसला बढ़ाने का आग्रह करेंगे।

## अब होगा खेल परिषद की क्रिकेट पिच पर राजस्थान रॉयल्स का हल्ला बोल



**जयपुर**, 23 फरवरी। राजस्थान में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैचों को लेकर शुरू हुआ आरसीए ओर खेल परिषद का विवाद अब समाप्त हो गया है।

राजस्थान में आईपीएल का आयोजन खेल परिषद के नेतृत्व में ही किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच आयोजित करने के लिए खेल परिषद को अधिकृत कर दिया है।

सरकार के फैसले के बाद यह तय किया गया है कि खेल परिषद ही इस आयोजन को आयोजित करेगी। खेल परिषद ने यह भी स्पष्ट किया था कि एसएमएस स्टेडियम के अधिकार आरसीए के पास नहीं है, लेकिन क्रीड़ा परिषद स्टेडियम में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ में सक्षम है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जोधपुर में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विधि पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।*

# 'अच्छा वकील समाज के कमज़ोर वर्ग की आवाज भी बनता है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपाधियाँ वितरीत कीं

जोधपुर, 23 फरवरी (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अच्छा वकील कानून का ज्ञाता होने के साथ ही समाज के कमजोर वर्ग की आवाज़ भी बनता है। वकील का पेशा गरीब और वंचित वर्ग की सेवा के लिए बड़ा अवसर होता है। उन्होंने कहा कि इस पेशे ने अनेक महान राष्ट्र निर्माता दिए हैं। संविधान के मुख्य शिल्पी बाबा साहेब अंबेडकर भी वकील थे। इस संविधान के लिए राष्ट्र उनका ऋणी है।

**■ मुख्यमंत्री ने विधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों तक सीमित नहीं रहें। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें व अपने ज्ञान का उपयोग बेहतर, समृद्ध और सशक्त देश-प्रदेश बनाने में करें।**

शर्मा रविवार को जोधपुर में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस डिग्री को अपनी उपलब्धि के साथ एक महती जिम्मेदारी भी मानें। समाज में न्याय की रक्षा और प्रसार के लिए विद्यार्थियों को काम करना है। इसके लिए कानून की शिक्षा के साथ गहरी समझ, संवेदनशीलता और सामाजिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों तक सीमित न रहें। वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने ज्ञान का उपयोग बेहतर, समृद्ध और सशक्त देश-प्रदेश बनाने में करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी न्याय व्यवस्था हजारों वर्ष पहले भी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान रखती थी। इसका मूल यह था कि किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं हो और सभी को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि न्याय का शासन सुनिश्चित करने के लिए हमारे यहां दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

शर्मा ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन एक यादगार क्षण है। इस विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों ने जो ज्ञान और कौशल हासिल किया है, वह उनको आगे बढ़ने में मदद करेगा तथा विधि क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलावों का वाहक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट वर्ष 2025-26 में विधि विभाग और न्यायालयों से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अपराधों की रोकथाम हेतु 'सरदार पटेल सेंटर ऑफ साइबर कंट्रोल एंड वॉर रूम' की स्थापना के लिए 350 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है।

दीक्षांत समारोह में शर्मा ने विभिन्न विधि पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को उपाधि एवं विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न नवीन जर्नल्स का विमोचन किया एवं ई-मूट कोर्ट का वर्चुअली उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के परिसर में पौधारोपण कर विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी, दिनेश मेहता, जनप्रतिनिधिगण, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. हरप्रीत कौर सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आतिशी दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष होंगी

नयी दिल्ली,23 फरवरी। आम आदमी पार्टी(आप) ने रविवार को एलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने आज यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज 'आप'के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना।

राय ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। उनपर नेता प्रतिपक्ष होने के नाते केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए

**■ आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक में आतिशी को सर्वसम्मति से नेता चुना गया।**

कामों की रक्षा करना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी होगी।

आतिशी ने नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद कहा,मैं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है। भाजपा ने जो भी वादे किए, विपक्ष के नाते हम उन सभी वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी निभायेंगे।

# विधानसभा में गतिरोध बरकरार, तीसरे दिन भी कांग्रेस विधायक धरने पर रहे

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सोमवार को विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया

जयपुर, 23 फरवरी। विधानसभा में लगातार तीसरे दिन भी कांग्रेस विधायकों का सदन में धरना जारी रहा। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित 6 विधायकों के निलंबन के बाद बना गतिरोध बरकरार है।

रविवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सोमवार को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की गई। प्रदेश कांग्रेस ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार, जिलों से भीड़ लाने को कहा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कंट्रोल रूम बनाकर सभी जिलों को कॉल किए जा रहे हैं। जयपुर के आसपास के जिलों को ज्यादा भीड़ लाने का टारगेट दिया गया है। विधायकों के निलंबन के खिलाफ शनिवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन किए और पुतले जलाए थे।

**■ प्रदेश कांग्रेस, विधानसभा के घेराव के लिए सभी जिलों से सम्पर्क कर भीड़ जुटाने के लिए कह रही है।**

इधर, सदन में तीसरे दिन रविवार को भी विपक्षी विधायकों का धरना जारी रहा। मंत्रियों के साथ दो दौर की वार्ता विफल रही। कांग्रेस विधायक निलंबन बहाली, इंदिरा गांधी पर टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि विधानसभा में अविनाश गहलोत ने जो कहा वह कायदे से न तो अपमानजनक है और न ही असंसदीय। फिर भी पार्टी का यह मानना है कि उन्हें सदन में ये बात नहीं कहनी चाहिए थी। पार्टी ने उन्हें चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने आसन पर हमला करने का जो प्रयास किया, वह शर्मनाक है।

खर्रा ने कहा कि पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को चेतावनी दी है कि वे बोलने से पहले सजग रहें और सोच समझकर बोलें। उनसे कहा गया है कि भविष्य में इस तरह की बातों को फिर नहीं दोहराया जाए।

इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी को विधानसभा की कार्यवाही से हटाने पर संसदीय कार्य मंत्री ने सहमति जताई है। मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अगर उन्हें किसी शब्द से आपत्ति है, तो वह सदन की कार्यवाही से हट जाएगा, लेकिन सदन की कार्यवाही बाधित करना गलत है।

# 'एआई अपनाने में भारत, अमेरिका व चीन से आगे है'

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईआईआईटी कोट्टापम के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

कोट्टायम, 23 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में इनोवेशन की तेज गति और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने में देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एआई डाउनलोड्स में चीन और अमेरिका से भी आगे निकला गया है।

वित्त मंत्री ने आईआईआईटी कोट्टायम के दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत को एआई के उपयोग की राजधानी बताया था।

**■ वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में भारत में एआई से जुड़े 3 अरब ऐप डाउनलोड हुए, जबकि अमेरिका में 1.5 अरब तथा चीन में 1.3 अरब ही डाउनलोड हुए।**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक ''बहुत बड़ा बयान'' है क्योंकि इसका मतलब है कि हम सिर्फ एआई के बारे में बात नहीं कर रहे हैं या केवल एआई में शोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इसे बड़े पैमाने पर लागू कर रहे हैं।

भारत द्वारा तेजी से एआई को अपनाने को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में देश में एआई से जुड़े हुए 3 अरब ऐप डाउनलोड हुए थे। यह आंकड़ा अमेरिका के 1.5 अरब और चीन के 1.3 अरब से काफी अधिक है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि हम न केवल आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने में अग्रणी हैं बल्कि हम यह भी आकार दे रहे हैं कि एआई को कैसे नियंत्रित किया जाए।

उन्होंने कहा कि पेरिस में हाल ही में एआई एक्शन समिट में (जिसकी भारत ने फ्रांस के साथ सह-अध्यक्षता की थी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि "एआई सिर्फ एक राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बल्कि एक वैश्विक जिम्मेदारी है। हमें एक ऐसे एआई की जरूरत है जो नैतिक, समावेशी और भरोसेमंद हो।"

उन्होंने आगे बताया कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़ कर 2024 में 39वें स्थान पर पहुंच गई है।

## श्रीलंका ने 32 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

रामनाथपुरम (तमिलनाडु), 23 फरवरी। श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए रविवार को यहां बताया कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

मछुआरों को जब्त की गई नौकाओं के साथ तलाईमन्नार बंदरगाह ले जाया गया जहां उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

# दिल्ली की महिलाओं को दिये सब वादे पूरे होंगे- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

## उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती आप सरकार ने खाली खजाना छोड़ा है, पर, फिर भी सब वादे पूरे करेंगे

नयी दिल्ली, 23 फरवरी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किये हैं, वे पूरे होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी वादे पूरे होंगे।

उन्होंने कहा, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। यह तीन दिनों का सत्र है। तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों , जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी। सदन में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.) की रिपोर्ट रखी जाएगी।

**■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधायक दल की बैठक के बाद कहा, जिन्होंने दिल्ली को लूटने और ठगने का काम किया है, उनका मुँह बंद करवाना हमारा काम है। जनता के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जायेगा।**

उन्होंने कहा, महिला सम्मान योजना को लेकर कई बैठकें कर चुके हैं। दिल्ली की महिलाओं के लिए हम अपने वादे को शत प्रतिशत पूरा करेंगे। जिन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया और ठगने का काम किया तथा जिस झूठ को प्रचारित करने का काम कर रहे हैं, उनका मुंह बंद करवाना हमारा काम है। जनता के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा।

इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हमारी सरकार का एक ही एजेंडा है, हमें दिल्ली को विकसित राजधानी बनाना है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा है कि सोमवार से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र को बढ़ाया जा सकता है।

## 'केन्द्र सरकार तेलंगाना से कांग्रेसी मुख्यमंत्री को बचा रही है'

हैदराबाद, 23 फरवरी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर, भ्रष्टाचार के कई आरोपों के बाद भी तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बचाने का आरोप लगाया है। केटीआर ने अमृत टेंडर घोटाले और नागरिक आपूर्ति घोटाले सहित कांग्रेस सरकार से जुड़े घोटालों पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाया। केटीआर ने आरोप लगाया कि भाजपा जहां राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पर हमला कर रही है, वहीं राजनीतिक सुविधा के लिए तेलंगाना में रेड्डी को गुप्त रूप से बचा रही है।उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय शहरी विकास निधि से 1337 करोड़ रुपये की हेराफेरी सहित भ्रष्टाचार के सबूत सौंपने के बावजूद केंद्र सरकार ने कार्रवाई नहीं की है। कांग्रेस मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर ईडी के छापे पर प्रकाश डालते हुये केटीआर ने महत्वपूर्ण नकदी और संपत्ति की जब्ती के बावजूद आधिकारिक अपडेट की कमी की ओर इशारा किया।

# सुरंग में फंसे मजदूरों से जवाब नहीं मिल रहा

हैदराबाद, 23 फरवरी। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल प्रोजेक्ट की सुरंग का एक हिस्सा ढहने के कारण अंदर फंसे आठ लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल ने सुरंग के अंदर फंसे लोगों के नाम लेकर आवाज लगाई है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला है। बता दें कि, हादसा शनिवार सुबह 8:30 बजे हुआ था और अब तक बचावकर्मी 13 किलोमीटर अंदर तक पहुंच चुके हैं, जहां दुर्घटना हुई थी।

राज्य सरकार के हक वाली कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। कंपनी के जनरल मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को कहा कि सुरंग में कर्मचारियों के बाहर आने की उम्मीद कम है।

नागरकुर्नूल डीएम बी संतोष ने कहा- रेस्क्यू टीमें सुरंग में वहां तक पहुंच गई हैं जहां बोरिंग मशीन काम कर रही थी। लेकिन अंदर फंसे कर्मचारियों से संपर्क नहीं सका। कीचड़ के कारण आगे बढ़ने में परेशानी आ रही है।

**■ बचाव दल बोरिंग मशीन तक पहुँच गया, पर, नाम लेकर आवाज लगाने पर भी मजदूरों का जवाब नहीं आ रहा है।**

रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है।

52 लोग किसी तरह जान बचाकर निकल आए, लेकिन टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) चला रहे 8 लोग फंस गए। इनमें 2 इंजीनियर, 2 मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं। इस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से बात कर केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं राज्य के मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी और जे. कृष्णा राव मौके पर पहुंचे हुए हैं।

## इज़रायल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के बीच हुए समझौते का हिस्सा है। जिसके तहत फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस समझौते के मध्यस्थ कतर, मिस्र और अमेरिका हैं जिन्होंने काहिरा में एक समन्वय केंद्र स्थापित किया है।

यह संघर्ष में दूसरा युद्ध विराम है। पहला नवंबर 2023 में संपन्न हुआ था और केवल छह दिनों तक चला था।

## विराट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया और भारत को छह विकेट से जीत दिला दी। अक्षर पटेल तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

## घोर नक्सल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रविवार को प्रदेश के 50 विकासखंडों में मतदान संपन्न हुआ। जिसके परिणाम 24 फरवरी को घोषित होंगे।

# महिला दिवस पर मोदी का सोशल मीडिया अकाउन्ट महिलायें संभालेंगी

## प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मासिक कार्यक्रम "मन की बात" में यह घोषणा की

नयी दिल्ली, 23 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च को अपना सोशल मीडिया एकाउंट ऐसी प्रेरणादायी महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपेंगे जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से एक अलग पहचान बनाई है। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम, मन की बात में कहा, अगले महीने 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। यह हमारी नारी-शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। देवी माहात्म्य में कहा गया है -विद्या: समस्ता: तव देवि भेदा: स्त्रीय: समस्ता: सकला जगत्सु। अर्थात् सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी-शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है।

**■ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री का सोशल मीडिया अकाउन्ट ऐसी प्रेरणादायी महिलाओं को सौंपा जायेगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से अलग पहचान बनायी है।**

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। देश की मातृ-शक्ति ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज प्रस्तुत करते हुए हंसा मेहता के कथन की रिकॉर्डिंग साझा की, जिन्होंने कहा था, यह बहुत उपयुक्त मुद्दा है कि इस अगस्त घर पर फहराया जाने वाला यह पहला झंडा भारत की महिलाओं का उपहार होना चाहिए।

मोदी कहा कि हंसा मेहता ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण से लेकर उसके लिए बलिदान देने वाली देश-भर की महिलाओं के योगदान को सामने रखा था। उनका मानना था कि हमारे तिरंगे में केसरिया रंग से भी ये भावना उजागर होती है।

मोदी ने कहा, साथियों, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया एकाउंट जैसे एक्स, इंस्टाग्राम के एकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणादायी महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूँ। प्लेटफॉर्म भले ही मेरा होगा लेकिन वहां उनके अनुभव, उनकी चुनौतियाँ और उनकी उपलब्धियों की बात होगी।

# 'बिहार पिछड़ा जरूर है, पर नासमझ नहीं'

## राजद प्रवक्ता ने कहा कि 2019 से किसान सम्मान योजना को त्योहार की तरह पेश कर छवि चमकाने का प्रयास किया जाता है

पटना, 23 फरवरी। बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार के बिहार दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बिहार को कोई नासमझ समझने की भूल न करें, यह पिछड़ा हुआ राज्य जरुर है पर इसकी मेधा शक्ति का डंका पूरे विश्व में बजता है।

राजद प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि 2019 से निरन्तर चल रही किसान सम्मान योजना को बार-बार त्योहार की तरह पेश कर केवल छवि चमकाने की कोशिश की जाती है। जबकि वास्तविक रूप से यह किसानों को अपमानित करने वाली योजना है। किसान सम्मान के नाम पर जो राशि किसानों को दी जाती है उस 16 रुपए 60 पैसे में तो दो कप चाय भी नहीं मिलती है। किसान सम्मान के नाम पर भले हीं भारी-भरकम राशि प्रचारित की जाती है पर सच्चाई यह है कि किसान सम्मान के नाम पर चयनित किसान को महीने में मात्र 500 रुपए दिए जाते हैं जो की कृषि मजदूरों की एक दिन की मजदूरी है।

**■ राजद प्रवक्ता ने कहा कि किसान सम्मान के नाम पर जो राशि दी जाती है उससे दो कप चाय भी नहीं मिलती।**

गगन ने कहा कि जिस ढ ंग से प्रधानमंत्री के भागलपुर दौरे को प्रचारित किया जा रहा है वह बिहार को केवल भ्रमित करने का एक प्रोपगंडा है। भागलपुर के लोग यह जानना चाहते हैं कि 2014 में हीं तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भागलपुर और दरभंगा में सौफ्टवेयर टैक्नॉलजी पार्क खोलने की घोषणा की थी, उसका क्या हुआ ? कल जिस वारिसलीगंज - नवादा- तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का उद्घाटन होने वाला है वह तो 2016 की हीं योजना है जिसे मार्च 2021 में हीं पूरा करना था और केन्द्र की उपेक्षा की वजह से चार साल बाद पूरा हुआ।

## बीएसएफ ने मेघालय में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पकड़े गए। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि इनमें एक महिला भी है, जिसने अपने पति का इलाज कराने के लिए मुंबई जाने की योजना बनाई थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी छह लोगों को संबंधित जिला पुलिस प्रशासन को सौंप दिया गया, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मेघालय की बांग्लादेश के साथ 443 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा कठिन भौगोलिक आकृति, भूमि अधिग्रहण और अन्य मुद्दों के कारण बिना बाड़ के रह गया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उमकियांग गांव में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कई घरों में तोड़फोड़ की और संदेह है कि ऐसा करने वाले ये बदमाश बांग्लादेशी नागरिक हैं।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908